विश्व योग दिवस आज
दैनिक भास्कर
कुल पेज 28 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00
योग केवल व्यायाम नहीं, एक यात्रा है
शरीर से मन और मन से आत्मा तक पहुंचने की यात्रा।
dainikbhaskar.com झुंझुनूं, शनिवार, 21 जून, 2025 आषाढ़, कृष्ण पक्ष-10, 2082 12 राज्य | 61 संस्करण

सीरी द्वारा विकसित जल परीक्षण प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण

पिलानी | पानी की गुणवत्ता की जांच करने के लिए सीएसआईआर-सीरी द्वारा विकसित एआई आधारित जल परीक्षण किट प्रौद्योगिकी का शुक्रवार को इंदौर की एक कंपनी को हस्तांतरण किया गया। सीरी के टेक्नोलॉजी बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख डॉ. नीरज कुमार व इंदौर की कंपनी के प्रतिनिधि राजेश तिवारी के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के दस्तावेजों का आदान प्रदान किया गया। कार्यक्रम संस्थान के जयपुर स्थित परिसर में आयोजित किया गया। यह तकनीक सीरी के वैज्ञानिक डॉ. सत्यम श्रीवास्तव एवं उनकी टीम द्वारा विकसित की गई है। संस्थान निदेशक डॉ. पीसी पंचारिया, जयपुर परिसर के वैज्ञानिक प्रभारी डॉ. साई कृष्णा, डॉ. विजय चटर्जी सहित अन्य वैज्ञानिक और अधिकारी मौजूद रहे। पोर्टेबल डिजाइन और एआई जैसी विशेषताओं से युक्त यह जल परीक्षण किट पानी की गुणवत्ता का त्वरित, सटीक और सहज व डिजिटल मूल्यांकन करने में सक्षम है।